हस्त बहार की अनार फसल की तुड़ाई योजना

आमतौर पर वसंत ऋतु में खिलने वाले बाग (अक्टूबर-नवंबर 2019) अप्रैल-मई 2020 में फसल के लिए तैयार होंगे, लेकिन वर्तमान में वैश्विक कोरोना वायरस महामारी के कारण कृषि विपणन प्रणाली में बहुत अनिश्चितता है।इस प्रयोजन के लिए, यदि राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र द्वारा दिये गए दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है तो फल तुड़ाई की अवधि को कुछ दिनों तक बढ़ाया जा सकता है।

फल पूरी तरह से पकने के बाद ही अनार के फलों को तोड़ना चाहिए। यदि अपरिपक्व फल को पेड़ से तोड़ा जाता है तो इसकी गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और ऐसे फलों की भंडारण क्षमता बहुत कम होती है जिससे अतिरिक्त नुकसान की संभावना होती है।

उसी के साथ जब फल पूरी तरह से तोड़ने के लिए तैयार हो जाते हैं तब भी उन्हें ज्यादा समय तक पेड़ पर रखने से उनकी गुणवत्ता बिगड़ जाती है।

इस कारण यदि निम्नलिखित उपाय किए जाएं, तो फलों की तुड़ाई 15 से 20 दिनों तक टाली जा सकती है और फलों की भंडारण क्षमता को बेहतर बनाने में भी मदद मिल सकती है और ऐसे हालात में संभावित नुकसान को कुछ हद तक कम किया जा सकता है।

1. बगीचे को नियमित रूप से पानी दें ताकि पेड़ की शाखायें तेजी से बढ़े और फल की परिपक्वता में देरी हो।

2. सैलिसिलिक एसिड 0.3 ग्राम/लीटर (300 पीपीएम)या जिब्बेरेलिक एसिड 0.02 ग्राम/ लीटर (20 पीपीएम) का छिड़काव परिपक्वता अवधि को लम्बा करने में मदद करता है।

3. 2.0%कैल्शियम नाइट्रेट और 2.0 %KH_2 PO_4 का छिड़काव लेने से फलों की पकने की अवधि को बढ़ाने और भंडारण क्षमता सुधारने में मदद मिलती है।

4. सूक्ष्म पोषक तत्वों के छिड़काव या मिट्टी में इनका उपयोग ना करे क्योंकि यह फलों के जल्दी पकने का कारण बनता है।